# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या : R/1052/पी.ए./2021

दिनांक : 10.11.2021

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
<u>जनपद–लखनऊ।</u>

**विषय : प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण योजना हेतु सत्र 2021–22 में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों का डाटा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रकरण में अवगत कराना है कि संयुक्त सचिव, औद्योगिक विकास अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : 1648/77–1–2021, दिनांक 01 नवम्बर, 2021 के अनुसार उत्तर प्रदेश के युवाओं को टैबलेट/स्मार्ट फोन का वितरण प्रस्तावित है। इस सम्बन्ध में शासन के निर्देश प्राप्त हुये हैं कि विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में सत्र 2021–22 में अध्ययनरत विद्यार्थियों का अद्यावधि डाटा तैयार कर लिया जाये। उक्त डाटा गूगल लिंक : "https://bit.ly/StuDataTemplate" से वांछित डाटा का प्रारूप डाउनलोड कर डाटा तैयार किया जाना है। **उक्त हेतु विश्वविद्यालय तथा सहयुक्त महाविद्यालयों के परास्नातक कक्षाओं के तृतीय सेमेस्टर एवं स्नातक कक्षाओं के तृतीय व पंचम सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों का डाटा भी अंकित किया जाना है।**

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त <u>**कार्यवाही 15 नवम्बर, 2021 तक पूर्ण कराने का कष्ट करें**</u> अन्यथा की स्थिति में उक्त कक्षाओं में अध्ययनरत किसी विद्यार्थी का डाटा अंकित होने से छूट जाता है तो उसके लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सहयुक्त (**मात्र लखनऊ जनपद में स्थित**) महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने व विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
2. उप कुलसचिव (सा0प्र0), ल0वि0वि0।
3. गार्ड फाईल।

कुलसचिव